# नई ट्रेन जबलपुर से रायपुर एवं जनशताब्दी सहित तीन ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगेंगे

जबलपुर 06 अगस्त। रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेल से चलने वाली नई ट्रेन जबलपुर से रायपुर, रानी कमलापति से जबलपुर जनशताब्दी एवं रानी कमलापति से अधारताल इण्टरसिटी एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया गया है।

1) गाड़ी संख्या 11702 जबलपुर से रायपुर एक्सप्रेस के प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर स्टेशन से दिनांक 08.08.2025 एवं 09.08.2025 को दो दिन एक वातानुकूलित चेयरकार अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा।

2) गाड़ी संख्या 12061 रानी कमलापति से जबलपुर जनशताब्दी एक्सप्रेस के प्रारंभिक स्टेशन रानी कमलापति स्टेशन से दिनांक 07.08.2025 एवं 08.08.2025 को दो दिन एक वातानुकूलित चेयरकार अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा।

3) गाड़ी संख्या 22187 रानी कमलापति से अधारताल इंटरसिटी एक्सप्रेस के प्रारंभिक स्टेशन रानी कमलापति स्टेशन से दिनांक 07.08.2025, 08.08.2025 एवं 09.08.2025 को तीन दिन एक द्वितीय चेयरकार अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा।

यात्रियों से अनुरोध है त्यौहार के दौरान इन अतिरिक्त कोचों का लाभ उठाएं।

---

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/276/2025 दिनांक 06.08.2025

सम्माननीय संपादक, कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर